महत्वपूर्ण एवं खास

अस्थाई फटाका लायसेंस के लिए आवेदक 5 अक्टूबर तक कर सकते आवेदन

रायगढ़। दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई फटाका लायसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों से 5 अक्टूबर 2023 तक आवेदन LSDA Module (Online) के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। आवेदक ऑनलाईन आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सेवा केन्द्र से कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन के पश्चात आवेदक ऑनलाईन की पावती, आधार कार्ड, पैनकार्ड की छायाप्रति, साईट मैप, स्वयं का 01 पासपोर्ट कलर फोटो एवं 600 रुपये का चालान (0070-अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 60-अन्य, प्राप्तियां, 103-विस्फोटक पदार्थों के लिए)शीर्ष में जमा कर चालान की प्रति लायसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

जिले में 1231.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 29 सितम्बर तक 1231.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1221.6 मिली मीटर, पुसौर में 1295.7, खरसिया में 1205.7, घरघोड़ा में 1213.1, तमनार में 1118.6, लैलूंगा में 1205.5, मुकडेगा में 1323.8, धरमजयगढ़ में 1291.9, छाल में 1149.5 एवं कापू में 1290.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण हुआ

सारंगढ़ बिलाईगढ़। सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में करीब 600 रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण प्रमाण पत्र का वितरण किया गयाए जिन आवेदकों ने आवेदन जमा किया था, जो आवेदक प्रमाण पत्र लेने नहीं आ पाए, वे नगरपालिका कार्यालय सारंगढ़ के रोशन यादव से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिनका प्रमाण पत्र नहीं मिला वे जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ रामजीत राम से मोबाइल नंबर 9424184279 पर संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कई आवेदकों ने आवेदन पत्र के साथ संबंधित अंकसूची व प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किए थे, जिस कारण उनके रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं बन पाए।

सारंगढ़ में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर संपन्न

सारंगढ़ बिलाईगढ़। सारंगढ़ के अग्रसेन भवन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं स्वास्थ्य समिति के साथ.साथ समाजसेवी व्यक्तियों के सहयोग से स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कई व्यक्तियों ने अपना इलाज कराया और रक्तदान किया। शिविर में दवा वितरण एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर बीएमओ सारंगढ़ डॉ. सिदार सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे।

ओपन यूनिवर्सिटी में आवेदन की अंतिम तिथि आज

सारंगढ़ बिलाईगढ़। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र (जुलाई से जून 2023- 24) के लिए इच्छुक आवेदक से 30 सितंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। ये कोर्स एक वर्षीय एवं दो वर्षीय है। इन कोर्सों में बीकॉम, बीबीए, एमबीए (प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा चयन), डिप्लोमा इन कंप्यूटर एजुकेशन (डीसीए), डीएलएड (मेरिट के आधार पर प्रवेश) जीएसटी, पीजी डिप्लोमा इन लेबर लॉ एंड लेबर वेलफेयर, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा, डिप्लोमा इन योग साइंस आदि शामिल है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- गोवंश चिकित्सा एवं सुरक्षा के लिए समर्पित है मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई
- पशु उपचार के संबंध में टोल फ्री नंबर 1962 में कर सकते है संपर्क
- जिले के समस्त विकासखण्ड में देगी अपनी सेवाएं, वैन में चार सदस्यीय टीम रहेगी मौजूद

रायगढ़। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने पशु चिकित्सा को समर्पित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय से रवाना किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप हाट बाजार क्लीनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर गौवंश हेतु मोबाइल पशु चिकित्सा योजना प्रारंभ की गई हैं। योजना के तहत सभी विकासखंडों में पशु चिकित्सा सेवाएं देने वाले वेटनरी वैन को आज रवाना किया गया। इसके माध्यम कही भी पशुओं की दुर्घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में कॉल करने से तत्काल सेवाएं प्राप्त होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि गौ वंश की सेवा में यह योजना एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.जे.एल.कुशवाहा ने बताया कि जिले के सात विकासखंड में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई अपनी सेवाएं देगी। जो दिन में दो गोठानों में विजिट करने के साथ स्वास्थ्य शिविर, कैंप लगाने का कार्य करेगी। जिसमें सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 1962 कॉल कर सकते हैं। जिसके तहत जिले के 7 विकासखण्डों में चिकित्सायुक्त 7 मोबाइल वैन के माध्यम से गौठानों, ग्राम पंचायतों तक पहुंच सेवा एवं कॉल सेंटर के माध्यम से जीपीएस लगे मोबाइल वैन एवं पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी।

गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी पशुओं को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को गौठानों के माध्यम से ट्रीटमेंट दिया जाएगा। अब राज्य सहित जिले के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे, इससे पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

मोबाईल वेटनरी यूनिट से गौठानों के पशुओं की होगी स्वास्थ्य जांच - विकासखण्ड में प्रतिदिन दो गौठानों में मोबाईल वेटनरी यूनिट पहुंचेगी। इससे पूर्व पशुपालकों को सूचित कर दिया जाएगा कि वे अपने पशुओं का स्वास्थ्य जांच टीकाकरण, बधियाकरण, लघु शल्य क्रिया, कृत्रिम गर्भाधान नि:शुल्क करा सकते है।

2000 रुपए का नोट जमा करने का अंतिम दिन आज

सारंगढ़ बिलाईगढ़। आरबीआई ने कहा है कि लोग 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने के लिए बैंकों या डाकघरों से संपर्क कर सकते हैं । 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2023 है । लोग अपनी सुविधानुसार स्थानीय कैश डिपॉजिट मशीनों (सीडीएम) पर 2000 रुपये के नोट बदल सकते हैं। 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देश

जिन लोगों का बैंक में खाता है, वे अपनी बैंक शाखा में जा सकते हैं जहां उनका खाता है और 2000 रुपये के नोटों को सुव्यवस्थित करने और बदलने के लिए अपने खाते का विवरण प्रदान कर सकते हैं। आरबीआई के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि 2000 रुपये के नोट बदलने के लिए मांग पर्ची या आईडी प्रूफ की कोई आवश्यकता नहीं है ।

आरबीआई ने यह भी कहा है कि कोई गैर-खाताधारक भी बिना किसी आईडी प्रूफ के किसी भी बैंक शाखा में 2000 रुपये के नोट बदल सकता है । हालाँकि, 2000 रुपये के नोट बदलने की एक सीमा है। एक व्यक्ति एक बार में 20,000 रुपये की सीमा तक 2000 रुपये के बैंक नोट बदल सकता है। 2000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा निःशुल्क है।

'भरोसे का सम्मेलन' 4 अक्टूबर को रायगढ़ के कोड़ातराई में

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आमसभा को करेंगे संबोधित

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

रायगढ़। रायगढ़ के कोड़ातराई में आगामी 04 अक्टूबर को 'भरोसे का सम्मेलन' कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खडग़े व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही शासन के मंत्रीगण तथा अन्य अतिथि भी उक्त कार्यक्रम में समिल्लित होंगे। सम्मेलन में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री व प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा आनी शेष है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मंच तथा बैठक व्यवस्था, हेलीपैड, पार्किंग, ट्रैफिक व रूट प्लान, लॉ एण्ड आर्डर को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त सहित सभी एसडीएम, सीईओ जनपद व अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में चलाया जाएगा में विशेष सफाई अभियान, कलेक्टर ने मुहिम से जुड़ने की शहरवासियों से अपील

- शहर की स्वच्छता में दे योगदान, 1 अक्टूबर, सुबह 10 बजे, 1 घंटे करें श्रमदान

रायगढ़। भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को 1 घंटे शहर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी शहर वासियों से इस मुहिम में जुड़कर शहर की स्वच्छता में अपना बहुमूल्य योगदान देने की अपील की है।

आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे से 11 बजे तक निगम प्रशासन द्वारा वार्ड क्र.1 मुक्तिधाम, वार्ड क्र. 2 शिवम विहार गली नंबर 03, वार्ड क्र.3 संजय मैदान, वार्ड क्र.14 रामलीला मैदान, वार्ड क्र.15 बुढ़ी माई मंदिर, वार्ड क्र.16 बैकुंठपुर गली, वार्ड क्र. 39 विकास नगर गली नंबर 02, 03, वार्ड क्र. 40 बंधन बैंक के सामने, वार्ड क्र.4 कब्रिस्तान (सावन कुमार वार्ड), वार्ड क्र.5 बापू नगर के पीछे कार्मेल स्कूल गेट पास, वार्ड क्र. 6 मुक्तिधाम, वार्ड वार्ड क्र.7 गंगाराम तालाब, वार्ड क्र.43 गोरखा स्कूल, वार्ड क्र.44 पतरापाली तालाब, वार्ड क्र. 45 भगवानपुर तालाब, वार्ड क्र. 46 साईं कॉलोनी, वार्ड क्र.8 तुरिपारा रोड, वार्ड क्र.9 चांदमारी स्कूल, वार्ड क्र.10 मुक्तिधाम, वार्ड क्र. 11 पुछा पारा तालाब, वार्ड क्र.12 स्टेट बैंक मुख्य शाखा, वार्ड क्र.13 केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड, वार्ड क्र.17 जय सिंह तालाब, वार्ड क्र.20 गुरुनानक स्कूल के पास, वार्ड क्र.18 पोस्ट ऑफिस के पीछे, वार्ड क्र.19 गौरीशंकर मंदिर, वार्ड क्र.29 मुक्तिधाम, वार्ड क्र.30 मिनी माता चौक, वार्ड क्र.31 कब्रिस्तान, वार्ड क्र.36 ईरानी पारा, वार्ड क्र.37 शीला तिवारी के घर के आसपास, वार्ड क्र.38 सोनुमुड़ा तालाब, वार्ड क्र. 21 कब्रिस्तान, वार्ड क्र.22 दुर्गा मंदिर के पास, वार्ड क्र. 23 सिंधी कॉलोनी, वार्ड क्र.24 माँ मेडिकल शारदा युवा मंच, वार्ड क्र.25 पहाड़ मंदिर, वार्ड क्र.26 टीवी टावर रोड, वार्ड क्र.47 विजयपुर तालाब, वार्ड क्र.48 पंचवटी कॉलोनी के पास, वार्ड क्र.27 मांगलिक भवन तालाब, वार्ड क्र.28 मुक्तिधाम, वार्ड क्र.32 फटहामुड़ा तालाब, वार्ड क्र.33 पुराना पार्षद गली परिया पारा, वार्ड क्र. 34 कबीर चौक, वार्ड क्र. 35 दुर्गा चौक मिट्ठुमुड़ा, वार्ड क्र. 41 छातामुड़ा तालाब, वार्ड क्र.42 अमलीभौना स्कूल पर विशेष सफाई अभियान आयोजित किया जायेगा। यह अभियान जीरो वेस्ट इवेंट और नो सिंगल यूज प्लास्टिक पर आधारित है।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रायगढ़। ओपी जिंदल स्कूल ऑडिटोरियम रायगढ़ में जिला स्तरीय 31 वां राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस अंतर्गत शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रायगढ़ जिले के सभी 07 विकासखंड से प्रति विकासखंड 30 शिक्षकों के मान से कुल 210 शिक्षकों ने प्रतिभागी के तहत भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर.के.त्रिवेदी प्राचार्य ओपी जिंदल स्कूल, डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं एपीसी भुवनेश्वर पटेल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक कमलेश पटेल ने मां सरस्वती को नमन करते हुए कार्यशाला के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। तत्पश्चात ओ पी जिंदल स्कूल के प्राचार्य आर.के. त्रिवेदी ने बहुत सुंदर तरीके से बाल विज्ञान के संबंध में जानकारी देकर सरल प्रोजेक्ट कैसे तैयार कराया जाए इसकी जानकारी दी। एपीसी समग्र शिक्षा भुवनेश्वर पटेल ने बाल विज्ञान कांग्रेस की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए पूरी ईमानदारी से कार्य को करने को कहा। तत्पश्चात नरेंद्र चौधरी डीएमसी ने हमे अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह से निर्वहन करने के लिए महत्वपूर्ण टीप दिए। कार्यशाला का कथानक एवं उप कथानक के बारे में कमलेश पटेल द्वारा बताया गया।

प्रशिक्षक श्रीमति अनुपमा तिवारी द्वारा सास्कृतिक सामाजिक के संबंध मार्गदर्शन दिए। ततपश्चात अश्वनी पटेल प्रोफेसर द्वारा इकोसिस्टम के संबंध में बताया गया। बी.एल. गुप्ता जिला शैक्षिक समन्वयक ने भी प्रोजेक्ट बनाने के लिए टीप दिए। बाकी बचे 3 विषयों पर बच्चे किस प्रकार से प्रोजेक्ट बना सकते है के लिए कमलेश पटेल ने विस्तार बताया कि यह कार्यशाला 10 से 14 और 14 से 17 साल के स्कूली बच्चों को खोजी प्रवृति बनाने हेतु प्रोजेक्ट तैयार कराना है। कार्यशाला के अंतिम चरण में सभी अतिथियों और प्रशिक्षकों को जिला समन्वयक के द्वारा प्रतीक चिन्ह से परितोषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कमलेश पटेल ने सभी शिक्षको को शॉर्ट नोटिस में सौ फीसदी उपस्थिति के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के विभाग प्रमुख ने जिला शिक्षा विभाग को बधाई प्रेषित की।

ग्राम अमझर में कल होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश में समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ''सियान के सुरता'' थीम पर जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत अमझर में 01 अक्टूबर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, कार्यशाला, सेमीनार, खेल गतिविधियां एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शत्प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प भी कराया जाएगा।

लड़ाई-झगड़ा कर अलग हुए थे पति-पत्नी, सखी वन स्टॉप सेंटर की समझाईश पर फिर से हुए एक

रायगढ़। महिला संरक्षण अधिकारी के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ। जिसमें एक लड़की-लड़का का विवाह पूरे रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। दो-तीन माह तक दोनों राजी-खुशी एक साथ रहे। लेकिन तीन माह पश्चात लड़की के ससुराल वाले उससे दहेज की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे। लड़की ने बताया कि विवाह के समय पिता के द्वारा अपने सामर्थ्य अनुसार सामान उसे दिया था। आज पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। परंतु ससुराल पक्ष उसे खराब सामान लाने का ताना मारने लगे। सब ठीक होने की उम्मीद से लड़की अपने ससुराल में चुपचाप सहम कर रहती रही। इस बीच लड़की ने एक पुत्री को जन्म दिया परंतु पति द्वारा पुत्री होने पर विवाद व मारपीट करने लगा। जिससे लड़की परेशान होकर मायके में आकर रहने लगी। कुछ दिनों के बाद लड़की का पति भी लड़की के मायके आकर रहने लगा। इस बीच लड़की ने पुत्र को जन्म दिया। लेकिन लड़की का पति उस पर लांछन लगाने लगा और फिर से उसके साथ मारपीट करने लगा।

तभी लड़की ने सखी वन स्टॉप सेंटर में जाकर पति के बारे में बताया। पति को सखी वन स्टॉप सेंटर में बुलाकर समझाईश दी गई। लगभग 4 माह तक नियमित विधिवत 5 बार दोनों पक्षों को परामर्श के माध्यम से समझाईश देते रहे। तत्पश्चात आज दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक आपस में साथ-साथ रह रहे है। लड़की ने आगे किसी प्रकार की अग्रिम कार्यवाही नहीं करने हेतु लिखित में आवेदन प्रस्तुत किया। उक्त आधार पर प्रकरण सखी सेंटर रायगढ़ से नस्तीबद्ध किया गया।

रायगढ़ इंटरसिटी समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेने चलाने की मांग: भाकपा

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा-रायगढ़ इंटरसिटी समेत विभिन्न ट्रेन चलाने की मांग करते हुए भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी भाकपा जिला परिषद कोरबा ने ज्ञापन सौंपा। रेलमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे पत्र में प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि कोरबा जिला इंडस्ट्रियल क्षेत्र हैए जहां भारत के अलग-अलग क्षेत्र से आकर यहां लोग विभिन्न कंपनियों में काम करते है एवं व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उन्हें अपने पैतृक स्थान पर जाने के लिए ट्रेनों की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भाकपा सचिव ने पवन कुमार वर्मा कहा कि कोरबा क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ी कोयले की खान है पूरे भारत वर्ष में 75 से 80 प्रतिशत तक कोयले की आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही एल्युमिनियम व बिजली का सर्वाधिक उत्पादन होता है। कोरबा क्षेत्र के लोगों को यात्री ट्रेनों से वंचित रहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि कोरबा के आम जनता को आज तक कांग्रेस और भाजपा दोनों ने छला है। वरिष्ठ ने एनके दास ने कहा कि कोरबा में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के लोग रहते हैं पर कोरबा से सिर्फ साउथ के लिए तीन गाडिय़ां है। दिल्ली जाने के लिए एक गाड़ी है, जबकि अन्य क्षेत्र के लिए एक भी गाड़ी नहीं है। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने के बाद भी ट्रेन के लिए जनता को भटकना पड़ता है। मनीष नाग ने कहा कि केंद्र सरकार से मांग है कि कोरबा से हर राज्यों के लिए ट्रेन चलाई जाए। जिला सचिव वर्मा ने कहा की अगर यह मांग पूरी नहीं होती आम जनता को यात्री ट्रेनों की सुविधा नहीं मिलती तो आगे चलकर एक जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर एसके प्रसाद, राममूर्ति दुबे, मुकेश यादव, अविनाश सिंह, दुर्गेश

प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों में विवाद, चाकू मारकर युवक की हत्या

कोरबा (आरएनएस)। अनंत चतुर्दशी के दौरान गणेश विसर्जन करने जा रहे युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढऩे पर एक गुट ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाराज बस्तीवासियों ने कोरबा-दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिया। आरोपितों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद देर रात आंदोलन समाप्त हुआ।

शहर में दोपहर से गणेश विसर्जन का दौर शुरू हो गया था। समितियों द्वारा डीजे, बाजा गाजा के साथ निकले और नहर व नदी में भगवान गणेश का विसर्जन करते रहे। इसी दौरान ढोंढीपारा में विराजित भगवान गणेश को लेकर समिति के पदाधिकारी व बस्तीवासी भी विसर्जन करने जा रहा था। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत स्कूलपारा कोहडिय़ा के पास अन्य स्थान से तीन समितियां भी विसर्जन करने जा रही है। इसी दौरान युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। जो बढ़ गया और दोनों पक्ष के मध्य जमकर मारपीट हुई। इसी बीच एक युवक पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक को गंभीर रूप से चोट लगी, उसे बचाने आए एक अन्य युवक भी घायल हो गया। इसके साथ ही स्थल पर भगदड़ मच गई। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरीश कुमार के रूप में हुई, वहीं घायल का नाम भूपेंद्र बताया जा रहा है, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। दोनों बरपारा कोहडिय़ा के निवासी हैं।

हमला करने के बाद सभी युवक भाग गए। घटना की जानकारी जैसे ही बरपारा कोहडिय़ा में पहुंची, वैसे ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और काफी संख्या में बस्तीवासी ढोंढीपारा के पास पहुंच गए और कोरबा. दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिए। घटना की जानकारी मिलते ही सीएसईबी पुलिस स्थल पर पहुंची और समझाइश देना शुरू की। पुलिस ने आश्वस्त किया कि मामले में दोषी सभी आरोपितों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। इसके बाद बस्तीवासियों ने देर रात चक्काजाम समाप्त किया, पर क्षेत्र में तनाव का माहौल व्याप्त है। मामले में पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर चाकू से हमला करने भैसखटाल ढोंढीपारा निवासी सुमित चौहान बताया जा रहा है, उसके साथ आधा दर्जन युवक भी थे। उनके संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है। पर्याप्त सबूत के साथ ही सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि मृतक के शरीर पर चाकू से आठ बार हमला किया गया है। वैधानि कार्रवाई के बाद पुलिस ने रात होने की वजह से शव मर्च्यूरी में रखा दिया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480